हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–228 : जौनपुर, सोमवार 15 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## दिव्यांग सफाईकर्मी की पुत्री का सीएम योगी ने कराया अन्नप्राशन : खिलाई खीर

गोरखपुर ब्यूरो : दिव्यांग सफाईकर्मी विवेक और उनकी पत्नी संध्या की मन्नत मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने पूरी कर मानो उन्हें पूरी दुनिया की खुशी दे दी है। सीएम योगी ने सोमवार सुबह मंदिर परिसर में विवेक की सात माह की बिटिया का अन्नप्राशन कराया और आशीर्वाद दिया तो विवेक की आंखें खुशी से छलक उठीं। विवेक का कहना है कि बिटिया का अन्नप्राशन मुख्यमंत्री के हाथों होना हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। पैर से दिव्यांग विवेक शर्मा नगर निगम में आउटसोर्सिंग सफाईकर्मी हैं। उनकी ड्यूटी छिड़काव कार्य की है। वह मंदिर परिसर में ही बने कर्मचारी आवास में पत्नी संध्या व अन्य परिजनों के साथ रहते हैं। उनके दो बच्चे हैं। तीन साल का बेटा और सात माह की बिटिया। बिटिया से पहले भी एक और बच्चा हुआ था लेकिन वह असमय साथ छोड़ गया। बकौल विवेक बिटिया के जन्म के ही दिन उन्होंने गुरु गोरखनाथ से मन्नत मांगी थी कि बच्ची का अन्नप्राशन गोरक्षपीठाधीश्वर के हाथों हो। और, उनकी यह मन्नत सोमवार को पूरी हो गई। सोमवार सुबह मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। एक–एक कर लोगों से मिलते हुए उनकी नजर कुर्सी पर बच्ची को गोद में लिए बैठे दिव्यांग विवेक पर पड़ी। मंदिर परिसर में सेवारत होने से सीएम उसे पहचानते हैं। पूछ पड़े, क्या समस्या है। विवेक ने बच्ची को



गोद में लिए ही हाथ जोड़ लिए। उन्हें अपनी मन्नत वाली बात बताई तो मुख्यमंत्री मुस्कुराने लगे। फौरन बिटिया को अपनी गोद में उठाकर उसे दुलारने लगे। उधर विवेक घर से खीर बनवाकर लाए थे। मुख्यमंत्री ने बच्ची के मुंह में पहले से लगे निप्पल को निकाला, अपने हाथों से खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया और आशीर्वाद दिया। विवेक का कहना है कि 'महाराज जी' के हाथों बिटिया का अन्नप्राशन होने की खुशी में वह इतने विह्वल हो गए कि एक ख्वाहिश बताना भूल गए। उनके मुताबिक वह बिटिया का नामकरण भी महाराज जी से ही कराना चाहते हैं। आज उन्हें बता दिए होते तो आज ही नामकरण भी हो जाता।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत कालेज की छात्राओं को किया जागरूक

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई शासन के निर्देशों के क्रम में बालिकाओं/छात्राओं के साथ घटित होने वाले अपराध जैसे दुष्कर्म, अपहरण, छेड़छाड़, छीटाकशी,आदि अपराधों के प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाये जाने हेतु जनपद के सभी थानों में एन्टी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा प्रभावी रूप से निरन्तर बालिकाओं/छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पाली पुलिस ने कस्बे के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज की छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया गया। महिला कांस्टेबल सुदेशना सिंह ने बताया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकसी, छेड़खानी,सोशल मीडिया से परेशान या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। कालेज में किसी प्रकार की समस्या से अपने अध्यापक को तत्काल सूचित करें। उपनिरीक्षक श्रीपति मौर्या ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि बाल विवाह एक घोर अपराध की श्रेणी में आता है इसे रोकने के लिए जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करें साथ ही उन्होंने बताया कि यदि किसी छात्रा को आते जाते रास्ते में अथवा कार्यस्थल या



फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो घबराएं कदापि नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर काल करके पुलिस को सूचना दें।साथ ही उन्हें अपने गुरू,अपने माता पिता व बड़ों का सम्मान करना,पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिये बनाये गये नियम कानून के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या विजेता आर्या, अध्यापक विजय कुमार यादव, अनिल कुमार यादव, संजय कुमार रस्तोगी के अलावा काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## मदर्स डे के उपलक्ष्य पर गोरखा महिलाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा सबका मन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नई दिल्ली। इंटरनेशनल मदर्स डे के उपलक्ष्य पर राजधानी के साउथ एवेन्यू स्थित एमपी क्लब में आयोजित एक समारोह में एआईटीएफ ने गोरखा समुदाय की दर्जनों महिलाओं का



सम्मान करते हुए संस्था की ओर से टी–शर्ट बांटे एवं उनका उत्साहवर्द्धन किया। दिल्ली गोरखा मदर्स वेलफेयर सोसाइटी के सौजन्य से आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि अरूणाचल प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पी.एन. खिरिमेय ने गोरखा समुदाय के लिए सरकार के द्वारा चलाई जा रही अनेक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने भविष्य में भी सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दिल्ली गोरखा मदर्स वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा अन्नू शिल्पकार, संस्थापिका सदस्य निओमी खाती, संस्था से जुड़ी अधिवक्ता रीना राय, दिल्ली पुलिस के नार्थ–ईस्ट के प्रतिनिधि , श्रीमति पेट्रिसिया निकोलस सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी व सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में एआईटीएफ फेडरेशन के उपाध्यक्ष रिजवान रजा को सोसाइटी की तरफ से स्मृति एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक रितेश सिन्हा, एआईटीएफ के संस्थापक अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ताइक्वांडो प्रशिक्षक मास्टर जितेंद्र सिंह, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी व प्रशिक्षक रेखा सिंह, फेडरेशन के विशेष सलाहकार भाई चंद्रकांत सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और गोरखा महिलाओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया।

## जीएसटीएन द्वारा कारोबारियों उद्यमियों और व्यापारियों को जीएसटी अमिनस्टी स्कीम के तहत दी गयी बडी राहत

जौनपुर सू.वि. : सहायक आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर ने जीएसटी में पंजीकृत समस्त सम्मानित व्यापारियों को अवगत कराया है कि जीएसटीएन द्वारा कारोबारियों, उद्यमियों और व्यापारियों को जीएसटी अमिनस्टी स्कीम के तहत बडी राहत दी गयी है। 01 जुलाई 2017 से 31 दिसम्बर 2022 तक के निरस्त पंजीयन पर जीएसटी अमिनस्टी स्कीम के तहत यह व्यवस्था दी जा रही है कि यदि टैक्स एवं ब्याज के साथ व्यापारी अपना जीएसटी रिटर्न दाखिल करते हुए पंजीयन से संबंधित रिवोकेशन प्रार्थना–पत्र आन लाईन दाखिल करता है तो विभाग द्वारा निरस्त पंजीयन बहाल कर दिया जाएगा। आम तौर पर यह देखा गया है कि व्यापारियो द्वारा लगातार तीन माह से अधिक रिटर्न न दाखिल करने के कारण विभाग द्वारा व्यापारी का पंजीयन निरस्त कर दिया जाता है। व्यापारियों को पंजीयन निरस्तीकरण का आदेश निरस्त करने के लिए 30 दिन के अन्दर रिवोकेशन प्रार्थना–पत्र दाखिल करना होता है इसमें विफल रहने पर पंजीयन पुनः बहाल करने हेतु अपर आयुक्त, राज्य कर के समक्ष अपील दाखिल करना होता है। इस स्कीम के तहत व्यापारियों को लेट फीस के संबंध में विशेष छूट प्रदान करते हुए व्यापारियों को यह सुविधा दी गयी है कि यदि व्यापारी टैक्स और ब्याज स्वतः जमा कर देता है तथा आनलाईन रिवोकेशन प्रार्थना–पत्र दाखिल करता है तो उसका निरस्त पंजीयन बहाल कर दिया जाएगा। यह सुविधा दिनांक 30 जून 2023 तक जीएसटी रिटर्न दाखिल करने पर दी जा रहा है। इससे व्यापारी को आईटीसी आदि के संबंध में हो रहे असुविधाओं का सामना नही करना पडेगा। इसके अतिरिक्त जीएसटी विभाग द्वारा फेक/फर्जी पंजीयन के विरूद्ध दिनांक 16 मई 2023 से 15 जुलाई 2023 तक पंजीयन के संबंध में विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान समस्त व्यापारियों से आग्रह है कि व्यापारीगण पंजीयन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज जैसे जीएसटी पंजीयन प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, फर्म से संबंधित किरायानामा, बिजली का बिल आदि मूलरूप में अपने पास रखना सुनिश्चित करेंगे।

## भारतीय जनता पार्टी के नेता सहित 61 नामजद : 70 अज्ञात के खिलाफ गम्भीर धारा में मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना रविवार को कुल्हना मऊ गांव में दो युवकों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में परिजनों व ग्रामीणों द्वारा राष्ट्रीय राज्यमार्ग जाम करने के आरोप में बक्शा पुलिस ने भाजपा नेता सहित कुल 61नामजद व 70 अज्ञात के खिलाफ गम्भीर धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से करीब दर्जनभर महिला पुरुषों को शांतिभंग में चालान कर दिया। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि मार्ग जाम करने एवं पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में सिकरारा थाना क्षेत्र के शुरुआर पट्टी गाँव थाना सिकरारा निवासी भाजपा नेता भूपाल सिंह उर्फभोले कुल्हनामऊ निवासी राजेन्द्र नोना, छोटक नोना, लाला, रामबाबू, शनि, विनोद, आशीष, बुधानी ,राजेश, पिंकू, प्रीतम दिनेश,पिंटू दीपक सरोज सहित कुल 60 नामजद एवं 70 अज्ञात के खिलाफ राष्ट्रीय राज्यमार्ग जाम करने, पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला, सरकारी कार्य बाधा उत्पन्न करने,बलवा करने एवं 7 सीएलए ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।सोमवार को इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बक्सा थाना क्षेत्र के कुल्हना मऊ के पास गांव के कुछ लोगों ने दो युवक की मौत के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग जाम किया था उसको खुलवाने के लिए पुलिस पहुंची थी वहां कुछ घुमंतू टाइप के लोग जो अपराधी प्रवृत्ति के हैं लोगों ने पुलिस पार्टी पर पथराव किया था इन लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है इस घटना में कुल 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है 61 लोग नामजद है जबकि 70 लोग अज्ञात नाम पता सहित दर्ज है अन्य विधिक कार्रवाई साक्ष्य संकलन के आधार पर किया जा रहा है।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने किया नवनिर्वाचित महापौर गिरीश त्रिपाठी का सम्मान

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अयोध्या शाखा ने नवनिर्वाचित महापौर गिरीश त्रिपाठी के जीत पर सम्मानित किया गया प्रमुख



ब्रह्माकुमारी अलका बहन बीके मुकेश भाई और अन्य बहनों–भाइयों ने भी नवनिर्वाचित महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को विजय तिलक करके और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और अयोध्या को आध्यात्मिक नगरी बनाने के संकल्प को पूर्ण होने का आशीर्वाद भी दिया!

## 16 मई 2023 को मनाया जायेगा ''राष्ट्रीय डेंगू दिवस''

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया है कि 16 मई 2023 को ''राष्ट्रीय डेंगू दिवस'' के रूप में मनाया जा रहा है। डेंगू दिवस का श्रीम ''Harness parternership to defeat Dengue'' है राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य अन्तर्विभागीय सहभागिता एवं जनजागरूकता द्वारा डेंगू बीमारी को नियंत्रित रखना है। 12 मई 2023 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के सभी सामु० /प्रा०स्था० केन्द्रों के अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारियों की बैठक कर निर्देश दिया गया कि ब्लॉक स्तर पर अन्तर्विभागीय बैठक करें एवं समन्वय स्थापित कर रैली, गोष्ठी, विद्यालयों में वाद–विवाद प्रतियोगिता इत्यादि के माध्यम से आम जनमानस एवं बच्चों में जागरूकता फैलाए। डेंगू संकमित मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। एडीज मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में, जैसे कुलर, रेफीजरेटर का डीफ्रास्ट ट्रे, गमलों, प्लास्टिक के पात्रो, टायर, खुली पानी की टंकियों, टिन कन्टेनरों इत्यादि में प्रजनन करता है। मच्छर का लाव एक सप्ताह में वयस्क रूप ले लेता है, इसलिए सप्ताह में एक दिन इन पात्रों को खाली करके सुखा लें। अपने आस–पास साफ–सफाई रखें। बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक की सलाह से ही दवा लें। सभी अधीक्षक/चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर न्यूनतम 05 बेड (मच्छरदानी युक्त) का डेंगू वार्ड तैयार रखे। अस्पताल में डेंगू की जाँच हेतु पर्याप्त मात्रा में रेपिड टेस्ट किट एवं दवाएं रखें। ब्लॉक पर गठित रैपिड रिस्पांस टीम (आर०टी०) को कियाशील रखें ताकि डेंगू का मरीज चिन्हित होने पर त्वरित निरोधात्मक कार्यवाही कराया जा सके एवं बीमारी के प्रसार को रोका जा सके।

**अपील**

जनसामान्य से अपील किया है कि 16 मई 2023 को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाए। डेंगू के स्लोगन हर रविवार मच्छर पर वार–लार्वा पर प्रहार पर अमल करते हुए सप्ताह में एक दिन घरेलू जलपात्रों, कूलर, नांद, टिन के पात्रों का पानी खाली कर सुखा ले तब पुनः उनका प्रयोग करें जिससे मच्छरों के घनत्व को नियंत्रित कर बीमारी का प्रसार रोका जा सके।

## समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए उर्वशी सिँह को इंडियन अचीवर अवार्ड से किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिल्ली में लाजपत भवन आडिटोरियम मे मातृत्व दिवस के अवसर पर इंडियन अचीवर अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया , जिसमें जौनपुर से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट अध्यक्ष उर्वशी सिँह को सम्मानित किया, उर्वशी सिंह ने कहा कि इस सम्मान के पात्र हम अकेले नहीं है हमारे अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के सभी सदस्य है जो समय समय पर साथ कार्य करने मे हौसला बढ़ाते रहते हैं और पूरे दिल से साथ मे खड़े रहते हैं! आज ये सम्मान पाकर बहुत गौरवांवित महसूस कर रही हू, उर्वशी सिँह ने पूरे कोरोना के महामारी मे लोगों की मदद करती रही, किसी को खून की जरूरत पड़ती हो या कोई मेडिकल समस्या हो या महिलाओं को कोई जरूरत हो तो बिना समय देखे अपने स्तर तक कार्य करके लोगों की मदद करती रहती है, उर्वशी सिँह समय समय पर जागरूकता संदेश और महिलाओ और बच्चियों को आत्म निर्भर बनाने और जागरूक करने के लिए बहुत सारे कार्यक्रम करती रहती है, उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है जिसके लिए विगत कई वर्षों से महिलाओं और बच्चियों के लिए कार्य कर रही हैं!



पिछले दिसंबर मे इनके अच्छे और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली मे भी इनको अटल बिहारी वाजपेयी सम्मान से भी सम्मानित किया गया, इसके पहले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ में एक समारोह में भी उनको सम्मानित किया गया! जब कि स्वयं शारीरिक रूप से हाई ब्लड प्रेशर और शुगर कि मरीज है ! उर्वशी सिंह ने नीलिमा ठाकुर जी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आज महिलाएं अगर एक दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चले तो इस समाज की एक अलग तस्वीर ही दिखेगी!

## रामचरित मानस का अपमान करने वालों को जनता ने सबक सिखाया –भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि निकाय चुनाव में दुर्गति देख समाजवादी पार्टी बौखला गई है। चौधरी ने कहा कि भगवान राम और रामचरित मानस का अपमान करने वालों को जनता ने सबक सिखाया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए चौधरी ने कहा कि सपा प्रमुख ट्विटर पर राजनीति बघारने की जगह अगर जनता के बीच गए होते तो उन्हें प्रदेश की वर्तमान स्थिति का पता लग जाता। आज यूपी इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, रोजगार, बिजली, स्वास्थ्य के मामले में किस ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि सभी 17 नगर निगमों में बीजेपी को सुशासन, विकास और सुदृढ़ हुई कानून–व्यवस्था



के लिए जनता के विश्वास के रूप में प्रचंड बहुमत मिला है। चौधरी ने कहा कि राम और रामचरित मानस का अपमान करने वालों को जनता ने सबक सिखा दिया है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया 2024 में भाजपा की हार की बात कर रहे हैं, उन्हें ऐसे सपने देखना बंद कर देना चाहिए।

## पत्रकारों की छः सदस्यीय टीम ने किया एसडीएम से शिष्टाचार भेंट

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई सोमवार को पाली के पत्रकारों की छः सदस्यीय टीम ने सवायजपुर एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह से अनौपचारिक भेंट कर प्रेस वार्ता की। सर्वप्रथम मुलाकात के दौरान एक दूसरे की कुशलक्षेम पूँछी साथ ही निकाय चुनाव को लेकर काफी देर तक वार्ता हुई। प्रेस वार्ता में उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि निकाय चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। इसके लिए आप सभी का योगदान सराहनीय रहा। निकाय चुनाव में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटे इसके लिये जिला प्रशासन हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर जमाये रहा। पाली कस्बे में एक बार फिर से भेदभाव को दरकिनार करते हुए दोनों समुदायों में भाई चारे की मिसाल कायम रही। दोनों समुदायों के लोगों ने शांति पूर्वक मतदान किया। इस दौरान पत्रकार, जनार्दन श्रीवास्तव, अनुपम पाठक,विष्णुकांत बाजपेयी, विनीत शुक्ला, अंकित बाजपेयी, विशाल बाजपेयी मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जहां अभिमान होता है वहां अपमान की फीलिंग अवश्य आती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान में चुनावी गणित : इमरान क्यों हो रहे हैं और मजबूत

जुलाई 2018 में हुए पाकिस्तान के पिछले आम चुनाव में जिस तरह इमरान खान सबसे मजबूत नेता बनकर उभरे और सरकार बनाई उसके बाद से ही उनके खिलाफ तमाम विपक्षी पार्टियों ने मोर्चा खोल दिया। पाकिस्तान की सियासत में मजबूत दखल देने वाले और हर मसले पर खुलकर अपनी बात कहने वाले इमरान खान के कामकाज को अगर देखें, तो वो उनके लिए सबसे मुश्किल दौर रहा था।

पाकिस्तान में इमरान खान के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों और सत्ताधारी पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के अभियान ने जो हालात बना दिए हैं, उससे साफ है कि इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) की ताकत और बढ़ गई है। इस बीच कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मसलन, पाकिस्तान में गृह युद्ध जैसे हालात हैं, वहां मार्शल लॉ लग सकता है, इमरजेंसी लागू की जा सकती है, इमरान खान को एक के बाद एक नए–नए मामलों में फंसा कर किसी न किसी तरह जेल में डालने की तैयारी है। दरअसल इमरान खान की लगातार बढ़ती लोकप्रियता और चुनाव से पहले उनके धुआंधार अभियानों ने शहबाज सरकार की नींद उड़ा रखी है।

जुलाई 2018 में हुए पाकिस्तान के पिछले आम चुनाव में जिस तरह इमरान खान सबसे मजबूत नेता बनकर उभरे और सरकार बनाई उसके बाद से ही उनके खिलाफ तमाम विपक्षी पार्टियों ने मोर्चा खोल दिया। पाकिस्तान की सियासत में मजबूत दखल देने वाले और हर मसले पर खुलकर अपनी बात कहने वाले इमरान खान के कामकाज को अगर देखें, तो वो उनके लिए सबसे मुश्किल दौर रहा था। कोरोना काल के संकट भरे दो–ढाई सालों में दुनिया के ज्यादातर देशों की नजर में हमेशा से खटकने वाले पाकिस्तान को संभालने और अवाम के भीतर हिम्मत के साथ इस संकट से जूझने का पैगाम इमरान हमेशा देते रहे। विपक्ष के चौतरफा हमलों से लगातार घिरे रहने वाले इस लोकप्रिय क्रिकेटर और सियासत की अहम शख्सियत ने बार–बार अपने अवाम को बताने की कोशिश कि जो लोग उनके खिलाफ अभियान चला रहे हैं, वो भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में फंसे हुए हैं। इमरान हमेशा कहते रहे कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज)दृ पीएमएलएन के नेता और उनका परिवार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे रहे हैं। वो अपने खिलाफ होने वाली कार्रवाइयों से डरे हुए हैं, इसलिए उन्हें किसी भी तरह सत्ता से हटाना चाहते हैं।

दो साल पहले आखिरकार ये विपक्षी नेता एकजुट हुए, पीएमएलएन, पीपीपी समेत कई छोटी छोटी विपक्षी पार्टियों ने मिलकर पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नाम से गठबंधन बनाया और संसद में इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर 10 अप्रैल 2022 को उन्हें कुर्सी छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। संसद में 174 सदस्यों ने उनके खिलाफ वोट देकर उन्हें बाहर कर दिया। आपको याद होगा कि इससे पहले जब नवाज शरीफ की सरकार थी, तो पनामा पेपर लीक मामले में जिन भ्रष्ट नेताओं के नाम सामने आए तो नवाज शरीफ समेत उनका पूरा परिवार किस तरह के गंभीर आरोपों में फंसा, आरोप साबित हुए और नवाज को कुर्सी छोड़नी पड़ी, गिरफ्तार हुए और इमरान सरकार के आने के बाद ही इलाज कराने के नाम पर नवाज शरीफ को लंदन जाने की इजाजत मानवीयता के आधार पर इमरान खान ने ही दी। बाद में नवाज शरीफ लगातार लंदन से ही अपनी सियासत करते रहे और आखिरकार अपने भाई शहबाज और बेटी मरियम के जरिये उनकी अपमे मुल्क में सियासत मजबूत होती रही। जाहिर है जब इमरान की सरकार गई तो पीडीएम के सबसे कद्दावर नेता के तौर पर शहबाज शरीफ ने कुर्सी संभाली।

इमरान से क्यों डरते हैं शहबाज और पीपीपी के नेता

पाकिस्तान में इसी साल चुनाव हैं। वक्त पर चुनाव होते तो वहां जुलाई से पहले नई सरकार बन जाती। लेकिन मौजूदा शहबाज सरकार चुनाव को सितंबर के बाद कराने की कोशिश में है। इमरान वक्त से पहले चुनाव की मांग करते रहे हैं। अदालत ने भी पाकिस्तानी चुनाव आयोग को 14 मई तक चुनाव कार्यक्रम घोषित करने को कहा था, लेकिन आयोग इसके लिए सरकार से जो मदद और सहयोग मांग रहा था, वह उसे नहीं दिया गया। यहां तक कि सरकार ने संसद में ये मामला ले जाकर चुनाव के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध कराने की मांग को नामंजूर कर दिया। जाहिर ये यह शहबाज सरकार की चुनाव को आगे खींचने की रणनीति का ही हिस्सा है। ऐसे में सोमवार को यानी 14 मई की तारीख निकलने के बाद 15 मई को सुप्रीम कोर्ट में फिर ये मामला आया, तो मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सरकार और विपक्ष के बीच चुनाव को लेकर संवाद कायम करने और देश में शांति स्थापित करने की बात कही और मामले की सुनवाई एक हफ्ते के लिए टाल दी।

दूसरी तरफ, शहबाज सरकार खुलकर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ मोर्चा खोल चुकी है। इमरान खान को हर मामले में जमानत दिए जाने के मामले में और साथ ही चीफ जस्टिस के इमरान खान को यह कहे जाने पर कि 'आपसे मिलकर खुशी हुई', सरकार ने खुलकर चीफ जस्टिस को इमरान का आदमी बताना शुध्रू कर दिया है। ऐसे में शहबाज सरकार और पीडीएम को डर है कि इस चीफ जस्टिस के रहते चुनाव होंगे तो इमरान खान की जीत पक्की है। चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल को इमरान का समर्थक माना जाता है। उनकी नियुक्ति भी इमरान खान के कार्यकाल में ही हुई थी। बंदियाल इस साल सितंबर में रिटायर हो रहे हैं। इसलिए शरीफ सरकार चाहती है कि चुनाव सितंबर के बाद हों। फिलहाल चीफ जस्टिस के खिलाफ शरीफ सरकार ने खुलकर मोर्चा खोल रखा है। उसके समर्थकों ने सुप्रीम कोर्ट के बाहर प्रदर्शन किया और चीफ जस्टिस को हटाने की बेहद आक्रामक तरीके से मांग की, मरियम नवाज से लेकर संसद में गृह मंत्री तक ने चीफ जस्टिस के खिलाफ बयान दिया, इससे सरकार और न्यायपालिका खुलकर आमने सामने आ गई है।

इसके अलावा भी जो तथ्य शहबाज सरकार को डरा रही है, वह है पाकिस्तान के मौजूदा राष्ट्रपति आरिफ अल्वी का इमरान समर्थक होना। आरिफ अल्वी पर पहले भी पीएमएलएन और पीपीपी ये आरोप लगाती रही हैं कि राष्ट्रपति इमरान खान के इशारों पर काम करते हैं। ऐसे में राष्ट्रपति और चीफ जस्टिस का इमरान समर्थक होना मौजूदा सरकार के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है। जाहिर है इस वक्त अगर चुनाव होते हैं तो इसमें कोई शक नहीं कि इमरान भारी बहुमत से वापसी कर सकते हैं। लेकिन शहबाज सरकार इमरान के खिलाफ इस तरह की कार्रवाइयां करके उन्हें और मजबूत बनाने की गलती भी कर रही है। सत्ता की इस जंग में इस वक्त पाकिस्तान बहुत ही दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है, जहां एक तरफ सेना, आईएसआई और सरकार है तो दूसरी तरफ इमरान की पीटीआई और कथित तौर पर राष्ट्रपति, चीफ जस्टिस और जनता का भारी समर्थन। जाहिर है आने वाले दिनों में पाकिस्तान के सियासी हालात और दिलचस्प होने वाले हैं। फिलहाल वहां की अवाम को जल्द से जल्द चुनाव का इंतजार है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## जाह्नवी वर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया परिवार का मान



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हर मां बाप का सपना होता है कि बच्चे बड़े होकर पढ़ लिख कर अपने अपने मां बाप अपने क्षेत्र अपने प्रदेश यहां तक कि अपने देश का नाम रोशन करें बहुत ही कम ऐसे बच्चे होते हैं जो अपने माता–पिता के सपनों को साकार करते हैं ऐसे बच्चे होनहार होते हैं ऐसे बच्चों का जीवन में अपना एक सपना होता है उसे क्या बनना है आगे चलकर क्या करना है यह सारी चीजें योजना के तहत की जाती है ऐसी एक बच्चे जिसका नाम जाह्नवी वर्मा अपने माता–पिता के सपनों को साकार करना आरंभ कर दिया है। ये सिटी मांटेसरी स्कूल महानगर ब्रांच लखनऊ की छात्रा है और उन्होंने हाईस्कूल 95 प्रतिशत से पास आउट होकर सिटी मोंटेसरी स्कूल का नाम रोशन किया है। इन्होंने न केवल स्कूल का नाम बल्कि अपने माता–पिता अपने परिवार और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जाह्नवी बचपन से पढ़ने मे बहुत तेज हैं। सपना विदेश में जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर पायलट बनकर देश की सेवा करने का है। जान्हवी मयूर रेजीडेंसी फरीदीनगर की रहने वाली हैं माँ गुंजन वर्मा समाजसेविका और पिता डॉ देवेश वर्मा डिप्टी डायरेक्टर उद्यान विभाग गोंडा मंडल में कार्यरत हैं। जिन बच्चों के सपने ऊंचे और सच्चे होते हैं उनके सपनों को प्रकृति भी पूरा करती है और यही इरादा अगर इनका रहा तो भविष्य इनका अवश्य उज्जवल होगा।

## छात्रवृत्ति के आवेदन में देना होगा पिता का आधार कार्ड : निर्धारित सीमा से अधिक आय पर रद्द होगा आवेदन

लखनऊ ब्यूरो : छात्रवृत्ति व शुल्क भरपाई के ऑनलाइन आवेदन में अब छात्र को अपने पिता का आधार भी देना होगा। आयकर विभाग की वेबसाइट से आय के मिलान के लिए यह कवायद शुरू की जा रही है। इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) में निर्धारित सीमा से अधिक आय मिलने पर आवेदन रद्द हो जाएगा। प्रदेश में अनुसूचित जाति/जनजाति के ढाई लाख व अन्य वर्गों के दो लाख रुपये तक सालाना आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों को शुल्क भरपाई के साथ छात्रवृत्ति की सुविधा दी जाती है। हर साल 50 लाख से ज्यादा छात्र इसका लाभ लेते हैं। अक्सर निर्धारित सीमा से अधिक आय वाले परिवारों के विद्यार्थी भी योजना के लिए आवेदन कर देते हैं। इसे रोकने के लिए नई व्यवस्था की जा रही है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) से समाज कल्याण विभाग को आधार का ब्योरा इस्तेमाल करने की अनुमति मिल गई है। विद्यार्थी जैसे ही आवेदन में पिता का आधार नंबर भरेगा, एक बॉक्स और खुलेगा, जिसमें स्थायी खाता संख्या (पैन) मांगा जाएगा। इससे आयकर विभाग की वेबसाइट पर जाकर यह मिलान हो



सकेगा कि विद्यार्थी के पिता आयकर रिटर्न भरते हैं या नहीं। भरते हैं तो उनकी इनकम कितनी है। यह आय योजना के लिए निर्धारित सीमा से ज्यादा होगी तो आवेदन पर सॉफ्टवेयर के माध्यम से आपत्ति लग जाएगी। आपत्ति का समुचित जवाब न मिलने पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा। विभाग के निदेशक पवन कुमार ने बताया कि इस साल इसे ऐच्छिक व्यवस्था के तहत लागू किया जा रहा है। अगले साल से अनिवार्य कर दिया जाएगा।

## हाईटेंशन तार के कारण चलते कंटेनर में लगी आग : बुलेट सवार युवक और किशोर जिंदा जले

चंदौली ब्यूरो : यूपी के चंदौली जिले से सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के डहिया–परोरवा माईनर गांव के समीप सोमवार दोपहर एक कंटेनर पोल से लटके हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। आग लगते ही चालक कंटेनर से कूद गया। आग लगे कंटेनर की चपेट में आने से बुलेट बाइक सवार एक युवक और किशोर जिंदा जल गए। बाइक भी जलकर खाक हो गई। यह सब कुछ इतना जल्दी हुआ कि किसी को कुछ समझ नहीं आया। लोग तमाशबीन बने रहे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने विद्युत आपूर्ति बंद कराकर शवों को कब्जे में लिया। हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। औद्योगिक क्षेत्र की ओर से एक कंटेनर सोमवार दोपहर परोरवा की ओर जा रहा था। डहिया गांव के समीप कंटेनर हाई टेंशन विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया। इससे उसमें भी करंट प्रवाहित होने लगा। चालक कंटेनर छोड़कर कूद गया। इस दौरान अलीनगर थाना क्षेत्र के कटरिया गांव निवासी पप्पू यादव का 21 वर्षीय पुत्र सुनील यादव और बृजेश यादव का पुत्र 16 वर्षीय शांतनु यादव बुलेट से परोरवा गांव से एलुमिनियम का दरवाजा लेकर घर जा रहे थे। कंटेनर के पास से गुजरने के दौरान बाइक सवार दोनों लोग कंटेनर के संपर्क में आ गए।



दोनों कुछ समक्ष पाते इससे पहले बुलेट में आग लग गई। आग की लपटों को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन आग बुझाने में असफल रहे। आग में दोनों युवक जल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिजली आपूर्ति बंद कराया। आग पर काबू पाने के बाद शवों को कब्जे में लेकर पुलिस अगली कार्रवाई में जुट गई। इधर सुनील और शांतनि की मौत का समाचार सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रोते–बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। 19 को थी सुनील की शादी डहिया गांव के समीप हुए हादसे का शिकार सुनील की शादी 19 मई को तय थी। घर पर शादी की तैयारी जोरों पर थी। घर पर शौचालय बनवाया जा रहा है। जिसका दरवाजा परोरवा गांव से खरीद कर सुनील घर जा रहा था।

## गृह प्रवेश के दौरान गैस सिलिंडर लीक होने से लगी भीषण आग : पुरोहित समेत सात लोग झुलसे

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के अनौरा गांव साईं सिटी में प्रधानमंत्री आवास के फ्लैट नंबर 162 में सोमवार को गृह प्रवेश के दौरान गैस सिलिंडर लीक होने से आग लग गई। गृहस्वामी, हलवाई और पुरोहित समेत सात लोग झुलस गए। सभी को मंडलीय अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। झुलसे हुए दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के कारण गृह प्रवेश की खुशियां मातम में बदल गई। भदोही जनपद के नई बाजार निवासी सुरेंद्र चौहान को अनौरा में बने बने प्रधानमंत्री आवास के ब्लॉक नंबर बी में 162 नंबर फ्लैट अलॉट हुआ है। सोमवार को गृह प्रवेश का कार्यक्रम था। इसमें तमाम नाते रिश्तेदार आए हुए थे। हर तरफ खुशिंया थीं। महिलाएं गीत रही थीं। पुरोहित पूजा–पाठ करा रहे थे। हलवाई और उसके सहयोगी खाना बनाने में जुटे थे। दोपहर करीब एक बजे कमर्शियल गैस सिलेंडर में लीक के कारण आग लगी। आग लगते ही अफरातफरी और चीखपुकार मच गई। फ्लैट में मौजूद लोग चीखत– चिल्लाते हुए भागने लगे। आग की चपेट में आने से सुरेंद्र चौहान और उनकी पत्नी पूजा चौहान, सितारा देवी, ज्योति, कालिका धाम के रहने वाले मनोहर पांडेय पुरोहित उनके



एक अन्य सहयोगी और हलवाई झुलस गए। कई सामान भी जल गए। आग लगने के बाद पड़ोस के लोग भी तत्काल मौके पर पहुंचे। फ्लैट में लगे फायर उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए आग पर काबू पाया गया। सूचना मिलने के बाद बड़ागांव थानाध्यक्ष बृजेश सिंह, हरहुआ चौकी प्रभारी सचिन पटेल भी पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस से तत्काल मंडलीय अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## सभी चुनावों के लिए एक मतदाता सूची बनाएगा निर्वाचन आयोग : लखनऊ से होगी पहल

लखनऊ ब्यूरो : नगर निकाय चुनाव के दौरान मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोपों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने इस समस्या को हमेशा के लिए दूर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत आयोग अन्य कई राज्यों की तरह यूपी में भी लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची से नगर निकाय की मतदाता सूची को जोड़ेगा। इसी मतदाता सूची पर किसी भी चुनाव से पहले काम होगा। इस सूची में हर वोटर की फोटो भी होगी ताकि गड़बड़ी की कोई गुंजाइश न हो। यह जानकारी निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने रविवार को दी। आयुक्त ने कहा कि नगर निकाय मतदाता सूची को लोकसभा चुनाव की सूची से जोड़ने का काम बाराबंकी से करने का प्रयास किया गया था, पर उस प्रयोग पर काम ही शुरू नहीं हो पाया। इसमें कुछ व्यावहारिक दिक्कतें आईं थीं। सवाल उठा कि यदि नई सूची में खामियां निकली तो जिम्मेदारी किसकी होगी। वहीं, भारत निर्वाचन आयोग ने इसकी जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया। आयुक्त ने कहा कि अब हम लोकसभा चुनाव वाली सूची को आधार बनाकर अपनी फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करेंगे। इसकी शुरुआत लखनऊ जिले से की जाएगी। इसके बाद हर जिले में सूची बनाएंगे। मालूम हो कि अभी भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची के आधार पर लोकसभा का चुनाव होता है। उसी को आधार बनाकर विधानसभा चुनाव की सूची भी बनती है। जबकि नगर निकाय की मतदाता सूची इनसे बिल्कुल अलग है। इसमें मतदाताओं की संख्या ज्यादा होने के साथ ही यह गैर फोटो युक्त है। एजेंसी करेगी कामः आयुक्त ने बताया कि इस काम के लिए एजेंसी को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसको लेकर एक बैठक भी हो चुकी है। सूची का सारा काम एजेंसी करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि निकाय चुनाव को देखते हुए छह माह पहले वर्तमान मतदाता सूची राजनीतिक दलों को दे दी गई थी। यदि लोग या दल तभी शिकायत करते तो खामियों को समय से दूर कर दिया जाता। बिल्कुल शांति से हुआ चुनाव, आचार संहिता खत्म आयुक्त ने कहा कि निकाय चुनाव बिल्कुल शांतिपूर्वक हुआ। कहीं से कोई शिकायत नहीं आई। चुनाव से पहले सपा, आम आदमी पार्टी आदि का प्रतिनिधिमंडल मिला था। उनकी मांगें पहले ही पूरी कर दी गईं थीं। बहराइच से एक एसआई को शिकायत पर हटाया गया था। मतदान में जहां मतपेटियों में पानी डाला वहां जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब चुनाव का सारा काम पूरा




हो चुका है। ऐसे आचार संहिता खत्म कर दी गई है। मतदान व मतगणना में कोई अंतर नहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि गोरखपुर में जब मतदान हुआ तब और जब वोटों की गिनती हुई तो उसमें अंतर पाया गया। इस पर आयुक्त ने कहा कि ऐसा नहीं है। कई बार टेबुलेशन में कुछ चूक हो जाती है पर अंतिम परिणाम एक ही रहता है। कहीं भी इस तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है। यह केवल चर्चा ही रही। एक ही मतदाता सूची होने से कम हो सकेंगी गड़बड़ियां अगर सभी चुनावों में एक ही मतदाता सूची का इस्तेमाल होगा तो इसका लाभ वोटरों को ज्यादा मिलेगा। गड़बड़ी कम होगी और उस पर फोटो होने के कारण मत का दुरुपयोग भी नहीं हो सकेगा। वास्तविक मतदाता ही अपना वोट डाल सकेगा। अब राज्य निर्वाचन आयोग भी इस दिशा में काम करने की तैयारी में है, जिसकी मांग काफी समय से की जा रही है। कई राज्य इस पर काम कर रहे हैं, पर यूपी में अभी इस पर अमल नहीं हो पाया है। एक ही मतदाता सूची का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि वास्तविक मतदाता ही अपना वोट डाल सकेगा, क्योंकि उसके फोटो का उसके किसी भी सरकारी पहचान पत्र से मिलान किया जाएगा। मसलन, विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में वह अपने गांव में वोट डालता है तो उसका नाम शहर में निगम की सूची में भी है। इन्हें अलग–अलग करने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसी तरह से पालिका और पंचायतों में भी गड़बड़ी की आशंका ज्यादा होती है। जब एक ही वोटर लिस्ट होगी तो यह गड़बड़ी स्वतः ही समाप्त हो जाएगी। विभिन्न राजनीतिक दल भी इसकी मांग करते रहे हैं। सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी कहते हैं कि सपा की यह मांग काफी लंबे समय से है कि पूरे देश में एक ही वोटर लिस्ट हो। इस बाबत वह भारत सरकार और भारत निर्वाचन आयोग से भी मांग कर चुके हैं। उधर, रालोद प्रवक्ता अनिल दुबे कहते हैं कि वोटर लिस्ट तो एक ही होनी चाहिए, इससे गड़बड़ी कम होगी। इस निकाय चुनाव में लाखों लोगों के वोट कटे। यदि एक लिस्ट बने तो इस स्थिति से बचा जा सकेगा। लेकिन इसमें निकाय को अपना पुनरीक्षण अभियान उसी तरह से चलाना होगा, जिस तरह से साल में चार बार भारत निर्वाचन आयोग चलाता है, साथ ही जवाबदेही भी राज्य की होगी।

## आकांक्षा दुबे को न्याय दिलाने के लिए आगे आया किन्नर समाज : समर सिंह को सख्त सजा देने की मांग

वाराणसी ब्यूरो : भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझी है। इस मामले में पुलिस ने भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके सहयोगी संजय सिंह को आरोपी के तौर पर गिरफ्तार कर रखा है। लेकिन ये प्रकरण जल्द ही सुलझता हुआ नहीं दिख रहा है। इस बीच आकांक्षा दुबे को न्याय दिलाने के लिए किन्नर समाज ने आवाज बुलंद की है। सोमवार को गुलिस्ता एकता किन्नर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमान किन्नर अपनी टीम के साथ कचहरी पहुंची। उनके साथ आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे भी मौजूद रहीं। पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन से मिलने और उन्हें प्रार्थना पत्र देने पहुंची किन्नरों ने कहा कि आकांक्षा के साथ गलत हुआ है। किन्नर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमान किन्नर ने कहा कि यदि जल्द ही आकांक्षा की हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कर विवेचना नहीं की जाती है तो वह वाराणसी जिला मुख्यालय पर धारना आयोजित करेंगी। पीएम और सीएम से सीबीआई जांच की मांग सलमान किन्नर ने कहा कि कहा कि आकांक्षा दुबे देश की बेटी है। वो एक कलाकार थी। सफल अभिनेत्री थी। उसका शोषण हुआ है। समर सिंह ने उसके साथ ऐसा किया। उसकी हत्या की गई है। आकांक्षा ने आत्महत्या नहीं की है। एक वीडियो में आकांक्षा ने कहा था कि मेरे साथ कुछ हुआ तो समर सिंह जिम्मेदार होगा। इस बात का संज्ञान प्रशासन नहीं ले रहा है। सलमान किन्नर ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से प्रकरण में सीबीआई जांच की मांग की। कहा कि अपराधी को सजा होनी चाहिए, उसे फांसी की सजा मिले। उच्च न्यायलय से निवेदन है कि आकांक्षा और उसकी मां को न्याय मिलना चाहिए। आकांक्षा दुबे की हत्या की साजिश में कई लोग शामिल हैं। साजिश में शामिल लोगों को गिरफ्तार करना चाहिए। आकांक्षा दुबे की मां बयान अच्छे तरीके से दर्ज नहीं हुआ है। आरोप लगाया कि पुलिस–प्रशासन आकांक्षा दुबे मौत में मामले में ध्यान नहीं



दे रही है। सही से जांच नहीं कर रही है। हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से सीबीआई जांच की मांग की। समर सिंह की जमानत अर्जी पर 17 को सुनवाई भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में वाराणसी की जिला जेल में बंद गायक समर सिंह उर्फ समरजीत सिंह के जमानत प्रार्थना पत्र पर 17 मई को सुनवाई होनी है। 26 अप्रैल को समर सिंह की ओर से जमानत के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया गया था। 26 मार्च को होटल के कमरे में मृत मिली थी आकांक्षा भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे बीते 26 मार्च को सारनाथ क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में मृत मिली थीं। आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भोजपुरी गायक समर सिंह को 6 अप्रैल की देर रात गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया था। 8 अप्रैल को उसे न्यायिक अभिरक्षा में वाराणसी की जिला जेल में भेजा गया था। इसी मामले में समर सिंह के दोस्त संजय सिंह को 12 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था।

## भाकियू ने मनाया टिकैत की 12वीं पुण्यतिथि

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। किसान मसीहा, भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी की बारहवीं पुण्यतिथि 15 मई को जनपद में कई जगह पर मनाई जाएगी। उक्तजानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि सदर तहसील के सामने तिकोनिया पार्क में सदर व बीकापुर तहसील के भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता/पदाधिकारी व किसान, सोहावल तहसील के अरकुना बाजार में स्थित शिव मंदिर के परिसर में, मिल्कीपुर तहसील परिसर में, रुदौली तहसील परिसर में रुदौली तहसील के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी व किसान चौ. महेंद्र सिंह टिकैत की बारहवीं पुण्यतिथि मनाएंगे।

# बारात से वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला : दर्दनाक मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रसाद तिराहे के पास शनिवार की देर रात अपने घर वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया जिससे एक ही घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।बक्शा थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ गांव निवासी लालचंद गौतम और सुरेश के पुत्रों की देर रात सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत होने की सूचना पर परिजनों में मचा कोहराम। कुल्हनामऊ गॉव के दो युवक सुजीत कुमार पुत्र लालचंद 22 वर्षीय निवासी कुल्हनामऊ थाना बक्शा व उसका साथी सुजीत पुत्र सुरेश 19 वर्षीय निवासी कुल्हनामऊ बाइक से गौराबादशापुर थाना क्षेत्र से देर रात अपने घर लौट रहे थे कि प्रसाद इंजीनियरिंग कालेज तिराहा निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दोनों युवकों को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। सड़क दुर्घटना में युवक की मौत की सूचना पर मौके पर पहुँची गौराबादशापुर पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर दोनों युवकों के परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए और राज्यमार्ग जाम लगा दिए, मौके पर मौजूद पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए परिजनों को समझा बुझा कर एक युवक के शव को कब्जे में लेते हुए घायल युवक को इलाज के लिए जिला



अस्पताल भेजा। सड़क दुर्घटना में जहाँ एक युवक की मौके पर मौत हो गई वही दूसरे युवक का इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस सड़क दुर्घटना में दोनों युवकों के मौत की खबर से पूरे गाँव सहित परिवार में कोहराम मच गया है। सभी का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुकेश रफी कब्जे में ले लिया गया है इस संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी हैं सदर संत प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि देर रात को कुल्हना मऊ गांव के दो लड़के शादी समारोह से लौट रहे थे कि गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पचहटिया तिराहा पर ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई है। शव को कब्जे में ले लिया गया है पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।आज सुबह सिकरारा थाना क्षेत्र की सुरवार पट्टी गांव निवासी एक युवक गोपाल सिंह ने गांव के सैकड़ो लोगों ने बहला–फुसलाकर वाराणसी लखनऊ में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाया गया था मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर बितर करते हैं हुए रास्ता साफ है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## उत्कृष्ट रहा एपेक्स एकडमी नगौली सुजानगंज का रिजल्ट : स्मिता यादव ने किया टॉप तो अंकित मौर्य ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : एपेक्स एकडमी नगौली सुजानगंज का (सीबीएसई–2023) हाईस्कूल का रिजल्ट उत्कृष्ट रहा।एपेक्स एकडमी नगौली सुजानगंज में हाईस्कूल – 2023 की परीक्षा में स्मिता यादव ने 90. 80 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकित मौर्य ने 89.50 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं आदर्श उपाध्याय ने 75.40 प्रतिशत प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं पर श्राद्ध उपाध्याय 71.30 प्रतिशत कशिश जायसवाल 70.98 प्रतिशत एवं आकांक्षा मौर्या 69.87 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। जनपद के सुजानगंज में सर्वोत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए प्रसिद्ध एपेक्स एकडमी नगौली सुजानगंज में हाईस्कूल के छात्र/ छात्राओं ने अपनी गरिमापूर्ण




स्थिति बनाये रखते हुए शानदार उपलब्धि द्वारा जनपद में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है साथ ही विद्यालय एवं गुरूजनों की गरिमा को भी सम्मानित किया है। प्रबंधक विवेक मौर्य, प्रधानाचार्य अमित शुक्ला (मोहित), दीपक यादव, कमलेश मौर्य,रमेश सरोज, सुप्रिया, अंतिम सिंह राजीव कुमार आदि अध्यापकों ने इन बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अंशुमान श्रीवास्तव को संगत पंगत ने किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शनिवार की शाम आये एसएससी सीजीएल 2022 परीक्षा परिणाम में नगर के हुसेनाबाद के निवासी अनूप श्रीवास्तव के पुत्र अंशुमान श्रीवास्तव ने बाजी मारी है। अंशुमान का चयन इनकम टैक्स इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। पिछले वर्ष अंशुमान के छोटे भाई अनुभव श्रीवास्तव का सलेक्शन कस्टम इंस्पेक्टर पद हुआ था वह वर्तमान में नागपुर में अपनी सेवा दे रहा है। अंशुमान श्रीवास्तव के इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बनने पर आज संगत पंगत व कायस्थ समाज के लोगो ने उनके आवास पर पहुचकर सम्मानित किया। संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि संगत पंगत सबके सम्मान के लिए संकल्पित हैं और रहेगा अंशुमान जी ने जिले का नाम रोशन किया है। कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि जो बच्चे पढ़ते हैं वे बच्चे बढ़ते हैं। कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि अनूप जी के दोनो बेटों ने उच्च अधिकारी बन जौनपुर का सम्मान बढ़ाया। कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव व संगत पंगत के प्रदेश सहसंयोजक



राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि परिवार के संस्कार से ही बच्चे पढ़ते हैं और ऊँचाई तक जाते है अंशुमान श्रीवास्तव ने पूरे समाज का नाम रोशन किया है। अपने स्वागत से अभिभूत अंशुमान श्रीवास्तव इनकम टैक्स इंस्पेक्टर ने कहा कि कायस्थ समाज ने जो सम्मान दिया है उसका आभारी हूं माता पिता की प्रेरणा से आज यहाँ तक पहुंचा हु। स्वागत समारोह में महासभा के प्रदेश सचिव उमेश श्रीवास्तव फूफा,प्रदेश प्रवक्ता व संगत पंगत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, महासचिव संगत पंगत अजय वर्मा अज्जू, कोषाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव सचिव संदीप श्रीवास्तव पत्रकार, जिला उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, विकास अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, राजेश जी बच्चा बाबू, अमित श्रीवास्तव हरीश चंद्र श्रीवास्तव ,अनीश श्रीवास्तव राजू श्रीवास्तव बमबम श्रीवास्तव दीपू मिश्रा,आदि उपस्थित रहे।

# दिग्गज नेता की भतीजी बन सेवानिवृत्त कर्नल से दोस्ती कर ठग लिए 21 लाख : पुलिस ने शुरू की जांच

वाराणसी ब्यूरो : एक महिला ने खुद को दिग्गज नेता की भतीजी बताकर वाराणसी के सेवानिवृत्त कर्नल को 21 लाख रुपये की चपत लगा दी। सेवानिवृत्त कर्नल उपेंद्र राघव की तहरीर पर कैंट थाने में वेरोनिका और रमेश शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। नदेसर क्षेत्र की पटेल नगर कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त कर्नल उपेंद्र राघव ने बताया कि बलिया की रहने वाली कोमल पांडेय ने मोबाइल के माध्यम से उनका परिचय वेरोनिका से कराया था। वेरोनिका ने स्टॉक मार्केट में निवेश करने पर भारी मुनाफे की बात कही थी। बैंक के खाते में 21 लाख रुपये ट्रांसफर किए वह वेरोनिका के झांसे में आ गए और उसके करीबी रमेश शर्मा के जयपुर स्थित बैंक के खाते में 21 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। समय बीतता गया और उन्हें उनके निवेश के बदले कुछ नहीं मिला। इसके बाद वेरोनिका पर पैसा लौटाने का दबाव बनाया, लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ। महिला ने आईपीएल में सट्टा लगाकर 21 लाख रुपये गंवाने का तर्क भी दिया। अब वेरोनिका का मोबाइल फोन बंद है। इस संबंध में इंस्पेक्टर कैंट प्रभुकांत ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। वेरोनिका ने बोले कितने झूठ!सेवानिवृत्त कर्नल उपेंद्र राघव ने बताया कि वेरोनिका ने ना जने कितने झूठ बोले हैं। वह खुद को प्रधानमंत्री की भतीजी बताती थी। जब उसका मोबाइल स्विच्ड ऑफ हो गया तो उसके संबंध में पता लगाने के लिए उन्होंने पीएमओ से संपर्क किया। पता लगा कि वेरोनिका का प्रधानमंत्री से कोई संबंध नहीं है।

# व्यापारियों के उत्पीड़न के नए–नए तरीके ना लागू करें जीएसटी विभाग–संजय गुप्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जीएसटी विभाग द्वारा 16 मई से सभी पंजीकृत व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर प्लेस विजिट का अभियान चला कर पंजीयन के सत्यापन, पते के सत्यापन किए जाने की जानकारी पाकर प्रदेश के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा जीएसटी विभाग पंजीकृत व्यापारियों को परेशान करने के लिए नए नए नियम लागू कर रहा है उन्होंने कहा जीएसटी पंजीयन से पहले विभाग द्वारा हर बिंदु का सत्यापन किया जाता है तथा जीएसटी की मूल अवधारणा में भी व्यापारी और अधिकारी का फिजिकल संपर्क ना किया जाना है यदि विभाग को किसी व्यापारी की विशेष रूप से शिकायत प्राप्त हो तो विभाग उसकी जांच करें लेकिन सामूहिक जांच अभियान अनुचित है संजय गुप्ता ने कहा पंजीकृत व्यापारियों के वहां सत्यापन अभियान व्यापारियों के उत्पीड़न का मार्ग प्रशस्त करेगा उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल इस अभियान का विरोध करेगा।

# धर्मांतरण के मामले में महिला गिरफ्तार : मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर कोतवाली थाना क्षेत्र के सरायगुंजा गांव में रविवार को धर्म परिवर्तन कराए जाने के आरोप में पुलिस ने 7 महिला पर केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। मौके से मिली सात अन्य महिलाओं से पुलिस पूछतांछ कर रही है।इस मामले में बजरंग दल के जिला संयोजक सत्या शुक्ला को ग्रामीणों ने सूचना दिया कि सरायगुंजा गांव की अनीता रजक के घर धर्म परिवर्तन कराए जाने का कार्य चल रहा है। वे संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ जब सरायगुंजा गांव पहुंचे तो वहां पर आधा दर्जन से अधिक महिलाएं अनीता रजक के घर पर मौजूद थी। संगठन के कार्यकर्ताओं ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। धर्म परिवर्तन के मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मौके पर मौजूद 7 महिलाओं सहित दर्जनों बाईबिल की किताबें, फोटो व अन्य सामग्री मौके से बरामद कर थाने ले गयी। हंसराज मौर्य निवासी सरायगुंजा की तहरीर पर पुलिस ने अनीता रजक पर केस दर्ज कर सात अन्य महिलाओं से पूछताछ कर रही है। धर्मांतरण के मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया की पुलिस को एक सूचना मिली थी एक गांव में धर्मांतरण कराया जा रहा है मौके पर पुलिस पहुंची तो धर्मांतरण से संबंधित कुछ पंपलेट मिली और पूजा पाठ कराया जा रहा था मौके से 7 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया ।हिंदू संगठन के तहरीर पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जेसीआई चेतना ने धूमधाम से मनाया मातृ दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर चेतना ने धूमधाम से मातृ दिवस मनाया संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने इस अवसर पर सदस्यों के बीच कई तरह के प्रतियोगिता आयोजित की तथा बच्चों का डांस कंपटीशन करा कर प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय आए हुए सदस्यों को एवार्ड देकर सम्मानित करते हुए कहा कि आज का दिन सभी के लिए विशेष



है सभी लोग अपने बच्चों और अपने माता को आज विशेष तौर पर याद करते हैं और अपनी मां के लिए कुछ स्पेशल करते हैं सभी सदस्यों ने मिलकर केक काटते हुए मातृ दिवस की एक दूसरे को बधाई दिया नगर के प्रतिष्ठित होटल पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया प्रतियोगिता में प्रथम अंजू जायसवाल तथा द्वितीय स्थान शिल्पी जायसवाल को प्राप्त हुआ कार्यक्रम में सचिव मीरा अग्रहरि कार्यक्रम संयोजक ज्योति श्रीवास्तव तथा संचिता बैंकर, चेतना साहू, अनीता सेठ, शिल्पी जायसवाल, सारिका सेठ, देवेंद्र सिंह, ममता केसरवानी, कुसुम जायसवाल, चंदा बरनवाल, शालिनी सेठ, ज्ञानेश्वरी गुप्ता, किरण जायसवाल, शारदा गुप्ता, ममता कश्यप आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे,कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरि ने किया आभार संयोजक ज्योति श्रीवास्तव और संचिता बैंकर ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।

# चिकित्सा संगोष्ठी (CME )आयोजित


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच देश की गरीब असहाय लोगो को सस्ती दर पर चिकित्सा उपलब्ध कराने के सोच को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में है लोगों को सस्ती दवाएं और कम दाम पर अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाराणसी के अग्रणी चिकित्सा संस्थान हेल्थ सिटी एवं




न्यूरो सिटी हॉस्पिटल की टीम ने नीमा जौनपुर के चिकित्सकों के सहयोग से ूम ब्रेन सर्जरी एवं स्पाइन से संबंधित बीमारियों के सफल इलाज हेतु एक चिकित्सा संगोष्ठी (ब्डम् )आयोजित की । संगोष्ठी में न्यूरो सिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डा राकेश सिंह व उनकी टीम ने ूम ब्रेन सर्जरी एवं मस्तिष्क संबंधित अन्य बीमारियों की चिकित्सा के विषय में जानकारी दी। इसी क्रम में मनोचिकित्सक डॉ शिवांगी श्रीवास्तव ने भी अपने विचार लोगों के समक्ष रखते हुए वर्तमान समय में लोगों के अंदर जागृत हो रही कुंठा व अवसाद की भावनायें अनावश्यक रूप से अपने जीवन शैली में होने वाले बदलाव व तनाव को दूर करने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही मानसिक रूप से बीमार लोगों को किस प्रकार उनकी थेरेपी द्वारा ठीक किया जा सकता है इसका भी चित्रत्रण प्रस्तुत किया लोगों से अपील किया कि लोग छोटी बीमारियों को नजरअंदाज ना करें समय रहते चिकित्सक से परामर्श लें जिससे कि लोगों को जल्दी ठीक किया जा सके लोग अपनी मनोदशा से बाहर निकले और सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि नीमा जौनपुर के संथापक डा कमर अब्बास , अध्यक्ष डा डी सी मौर्य, सचिव डा सुधांशु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष डा दानिश खान आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंत में नीमा अध्यक्ष डा डी सी मौर्य ने सबका धन्यवाद दिया।

# जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता के विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुईं।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा एस. टी.पी. की प्रगति का समीक्षा करते हुए निर्देश दिया की मानसून के पहले सभी नाले टैप कर दिए जाएं और यदि 15 जून तक नही हुआ तो फर्म को ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस की शिकायतों को प्रतिदिन चेक करें और डिफॉल्टर की श्रेणी में न जाने दे। शिकायतकर्ताओं से बात अवश्य करें। बैठक में जिला कृषि अधिकारी अनुपस्थित रहे जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें स्पस्टीकरण देने के निर्देश दिए। फसल बीमा की समीक्षा के दौरान पाया कि गेहूं के नुकसान की भरपाई अभी नही की गई है जिस पर बीमा कम्पनी के अधिकारियों के साथ बैठक कराने के निर्देश दिए। गोल्डेन कार्ड की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि जिन अंत्योदय धारक का गोल्डेन कार्ड नही बना है उनकी सूची दे और अभियान चलाकर 01 सप्ताह में अवशेष का कार्ड बनाये। रूफ–टॉप हार्वेस्टिंग में 25 का लक्ष्य मिला था जिसमे सहायक अभियंता लघु सिंचाई आदित्य नारायण ने बताया कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत वर्षा जल संभरण, रिचार्ज की महता के दृष्टिगत, शासकीय, अर्धशासकीय भवनों पर पूर्ण रूफ टॉप रेन हार्वेस्टर प्रणाली जनसुनवाई भवन कलेक्ट्रेट परिसर जौनपुर, विकासखंड महाराजगंज में जूनियर हाई स्कूल पूरागंभीरशाह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय महाराजगंज, जूनियर हाई स्कूल महाराजगंज, कम्पोजिट विद्यालय हरईपुर (रामनगर), विकासखंड बदलापुर में प्राथमिक विद्यालय कमलापुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय तियरा, प्राथमिक विद्यालय सिंधी लस्कर मछलीगांव, विकास खण्ड करंजकला में जनता जनार्दन इंटर कॉलेज जासोपुर




चकिया, जनहित इंटर कॉलेज मोलनापुर, विकासखंड केराकत में थानागद्दी साधन सहकारी समिति, नरहन साधन सहकारी समिति नरहन, विकासखंड सिरकोनी में प्राथमिक विद्यालय बेलवा रामसागर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परियावा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकरारा, पंचशील इंटर कॉलेज फतेहगंज, विकासखंड रामनगर में प्राथमिक विद्यालय रामनगर प्रथम, कम्पोजिट विद्यालय नौकरा, विकासखंड बक्सा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौपेडवा बक्सा, प्राथमिक विद्यालय तेजीबाजार दिलशादपुर, विकासखंड धर्मापुर में जूनियर हाई स्कूल सरेमू, कम्पोजिट चौकी पिलखुआ, विकासखंड मुफ्तीगंज में कम्पोजिट विद्यालय अहन, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पसेवा में बनाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि पैसे भेजे जाने का बावजूद आवास नही बना रहे हैं तो रिकवरी की कार्यवाही की जाये। सामुहिक विवाह के 250 जोड़ो का लक्ष्य मिला है जिसका आयोजन मई में किये जाएं। इस दौरान निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा की और कार्यदायी संस्थाओ को निर्देश दिया कि समय से कार्य पूर्ण कराये। उन्होंने जनपद में चल रहे अमृत सरोवर की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया की अमृत सरोवर एवं बसूई नदी पर चल रहे कार्य युद्धस्तर पर किया जाए। जल सम्वर्धन के कार्य में लापरवाही न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खेत में मिला खून से लथपथ युवक का शव : इलाके में सनसनी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के डुबकियां गांव स्थित सरकारी नलकूप के समीप खेत में सोमवार की सुबह एक युवक का खून से लथपथ शव मिला। युवक के सिर पर कई जगह चोट के निशान थे। शव के समीप ही शराब की शीशी और चप्पल पड़ी हुई थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची चौबेपुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घंटों बाद शव की पहचान हुई और परिजन चौबेपुर थाने पहुंचे। युवक की हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सारनाथ क्षेत्र के अकथा का रहने वाला अजय राम उर्फ चिंटू (32) मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार दो मासूम बच्चों का पिता अजय रविवार की शाम घर से अपने दोस्तों के साथ निकला था। इसके बाद वह लौट कर वापस नहीं आया। सोमवार सुबह डुबकियां में सरकारी नलकूप के पास खेत में टी–शर्ट और जींस पहने हुए एक युवक का शव गांव के आदित्य सिंह उर्फ गोलू ने देखा। आदित्य की सूचना पर देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और चौबेपुर थाने की पुलिस आई। पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी। परिजन बोले– किसी से नहीं रंजिश और ना कोई विवाद दोपहर बाद अजय के परिजन



चौबेपुर थाने पहुंचे और उन्होंने शव की पहचान की। अजय की पत्नी कंचन की हालत बेसुधों जैसी थी और परिजन बड़ी ही मुश्किल से उसे संभाले हुए थे। परिजन अजय की किसी से रंजिश या विवाद के बारे में पुलिस को कोई ठोस जानकारी नहीं दे सके। उधर, इस संबंध में चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। युवक के दोस्तों का पता लगाकर उसके बारे में उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना से संबंधित वास्तविक तथ्यों को जल्द ही साझा किया जाएगा।

# फाइनेंस कंपनी के अधिकारी से असलहा दिखाकर 40 हजार की लूट : पीड़ित को थप्पड़ मारकर भागे बदमाश

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब 10 बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने एक फाइनेंस कंपनी के सीओ (क्षेत्रीय अधिकारी) को असलहा सटाकर 40 हजार रुपये लूट लिए। भागने से पहले बदमाशों ने पीड़ित को थप्पड़ भी जड़े। दिनदहाड़े हुई इस घटना से लोगों में दहशत है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आस–पास के लोगों से भी घटना की जानकारी ली। आजमगढ़ जनपद के मऊ परासी गांव निवासी आकाश यादव उत्कर्ष फाइनेंस बैंक जलालपुर में क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार सुबह वे सैदपुर गांव में समूह के लोगों के साथ बैठक के लिए आए थे। बैठक में समूह के बकाया 40 हजार रुपये की वसूली करने के बाद बीबीपुर गांव जा रहे थे। वहां पर भी समूह से पैसा लेना था। सैदपुर गांव से वो केराकत– कबुलपुर मार्ग पर आए। नेहरूनगर नाले की पुलिया के पास पीछे से एक काले रंग की नई बाइक से नकाबपोश दो बदमाश पहुंचे। बदमाशों ने आकाश की बाइक को ओवरटेक कर रोक



लिया। बदमाशों ने मोबाइल रास्ते में फेंका एक बदमाश ने आकाश यादव की कनपटी पर पिस्टल सटा दिया। दो थप्पड़ मारा और उसके पास से बैग निकाल लिया। पीड़ित के अनुसार, बदमाश मोबाइल भी छीनकर बाइक से भाग निकले। बदमाश गयासपुर गांव की तरफ भागे। गयासपुर के पास आकाश का मोबाइल सड़क पर गिरा मिला। घटना के बाद वहां राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद थानाप्रभारी रमेश यादव मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी रमेश यादव ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मत्स्य विभाग की योजनाओं मे लाभ हेतु पोर्टल पर करें आवेदन

जौनपुर ब्यूरो : मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण शाहिद जमाल ने अवगत कराया है कि मत्स्य विभाग की ओर से संचालित समस्त विभागीय योजनाओं जैसे– प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, मछुआ कल्याण कोष, मछुआ दुर्घटना बीमा व किसान क्रेडिट कार्ड के वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 20 मई से विभागीय पोर्टल पर आवेदन आरम्भ होंगे। उन्होंने बताया कि योजनओं से संबन्धित पात्रता विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। मात्स्यिकी क्षेत्र की योजनाओं के लिए इच्छुक व्यक्ति पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। जनपद के मछुआ समुदाय, मत्स्य पालकों, मत्स्य व्यवसायियों और इच्छुक व्यक्तियों से अपेक्षा है, कि आवेदन के लिए आवश्यक अभिलेख पूर्ण कर मात्स्यिकी क्षेत्र के विस्तार के लिए पोर्टल खुलते ही आवेदन करें। किसी भी अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, द्वितीय तल, विकास भवन, जौनपुर से सम्पर्क करें ।

# सपा महानगर कमेटी ने अपने नवनिर्वाचित नगर निगम पार्षदों का पार्टी कार्यालय पर किया भव्य स्वागत

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने अयोध्या नगर निगम में सपा के जीते हुए नवनिर्वाचित पार्षदों का पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर भव्य स्वागत किया जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया महानगर प्रवक्ता एडवोकेट राकेश यादव ने बताया स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव मौजूद रहे इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन,दादा जय शंकर पांडे मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पांडे दीपू ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों लक्ष्मण घाट से प्रिया शुक्ला, अश्वनी पुरम –जगत नारायण यादव, हनुमंत नगर –मोहम्मद राशिद सलीम घोसी, सुभाष चंद्र बोस – अर्जुन यादव सोमू, साकेत नगर – कौसर पत्नी मंसूर अहमद, कौशलपुरी– धर्मवीर, अशफाक उल्ला खा– अखिलेश पांडे, परमहंस रामचंद्र दास– कृष्ण गोपाल यादव, चौधरी चरण सिंह – मुकेश कुमार कोरी , पुरुषोत्तम नगर – श्रीमती ज्ञानमती, बड़ी देवकाली – सर्वजीत यादव, लक्ष्मी सागर नगर – वकार अहमद, चंद्रशेखर नगर – विशाल पाल, अग्रसेन नगर– श्रीमती शाहनूर बानू, राम मनोहर लोहिया – राम भवन यादव, सरदार पटेल– श्रीमती इंदिरा वती यादव,दशरथ कुंडश्रीमती ज्ञानमती यादव का माल्यार्पण कर स्वागत किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई और शुभकामना देते हैं कहां सभी पार्षद अपने–अपने क्षेत्रों मे अपने वार्ड वासियों से मिलकर उनका धन्यवाद करते हुए किए गए वादों को पूरा करने का काम करें जिससे अयोधया का पूर्ण रूप से विकास हो सके जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने सभी पार्षदों को बधाई देते हुए उनको जनहित के मुद्दे को उठाने के लिए कहा इस मौके



पर डॉ आशीष पांडे दीपू ने सभी को बधाई देते हुए कहा हम जनता के बीच में जाएंगे और आप लोगों के साथ उनकी समस्याओं और नगर निगम के विकास के लिए जो भी कार्य होगा उसे आप लोगों के साथ मिलकर करने का प्रयास करेंगे महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने स्वागत समारोह में आए हुए सभी पार्षदों को धन्यवाद देते हुए जनता के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने एवं नगर निगम को सुंदर स्वच्छ और अयोध्या को विकास पर ले जाने का काम करें। स्वागत समारोह में जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जाफर मीसम उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, रामअचल यादव, मोहम्मद हलीम पप्पू, बलराम मौर्या, बब्बन प्रधान, महिला महानगर अध्यक्ष सरोज यादव , महासचिव अपर्णा जयसवाल, पंकज पांडे,, सूर्यभान यादव, मंजीत यादव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, शाहबाज लकी, इश्तियाक खान, आदि ने सभी जीते हुए नवनिर्वाचित पार्षदों का मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

## जीएसटी छापेमारी को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की हुई बैठक

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रति मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का जनपद में कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया उसके पश्चात् व्यापार मण्डल के जिला एवं महानगर पदाधिकारियों की एक बैठक अंगूरीबाग में प्रदेश अध्यक्ष के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बैठक में 16 मई से 16 जुलाई 2023 तक पूरे देश में जी०एस०टी० विभाग द्वारा चलाये जा सर्वे व छापों के बारे में चर्चा हुई। छापा एवं सर्वे की विरोध करते हुए बनवारी लाल कंछल में बताया भारत सरकार द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट निर्देश है कि केवल बोगस रजिस्टेशन वाले फर्मों की जांच की जायेगी यदि बोगस फर्मों के आड़ में विभाग द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया गया तो व्यापार मण्डल सड़क पर उतरकर छापे एवं सर्वे का विरोध करेगा। यह विषय प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही को अवगत कराया दिया गया है। महानगर अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने बताया कि व्यापार मण्डल का एक प्रतिनिधि मण्डल एडिशनल कमिश्नर जी०एस०टी० विभाग से मिलकर विभाग द्वारा मारे गये छापे एवं सर्वे का विरोध करेगा। जिला महामंत्री ज्ञान केसरवानी ने व्यापारियों को सुझाव दिया कि अपने प्रतिष्ठान के बाहर फर्म का नाम एवं रजिस्टेशन सं० का बोर्ड अवश्य लगाये अपने पास क्रय–विक्रय का बिल एवं कितना स्टाक है उसका व्यौरा अवश्य रखे अगर आपका प्रतिष्ठान किराये का है तो किरायानामा होना चाहिए जिस जगह आपका काम चल रहा है आपके जी०एस०टी० प्रमाण पत्र में अपडेट होना चाहिए बैठक में जिला अध्यक्ष अतुल सिंह, महानगर अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश गुप्ता, प्रदेश मंत्री अशीष अग्रवाल, जिला महामंत्री ज्ञान केसरवानी, अरुण अग्रवाल, जसवीर सिंह, यस्सपती अग्रवाल, सुरेंद गांधी, जसवीर सेठी, अभि आनांद, आनंद अग्रहारी पंकज गुप्ता, नन्दलाल गुप्ता, ओटल एसोसिएशन से निरंकार सिंह, अशोक सोनी सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

## राम मंदिर निर्माण : छत का 40 फीसदी काम पूरा : मंदिर की छत में कमल दल शंख व फूलों की हो रही भव्य नक्काशी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में बन रहे रामलला के भव्य मंदिर के छत बनाने का काम तीव्र गति से चल रहा है। मन्दिर की छतों का 40 फीसदी काम पूरा हो चुका है। राममंदिर अब भव्य स्वरूप लेने लगा है। मंदिर के छत में कमल दल, शंख और फूलों की नक्काशी से मंदिर भव्यता और बढ़ रही है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राम मंदिर के गर्भगृह में लग रहे खूबसूरत नक्काशीदार पत्थरों और मंदिर निर्माण को लेकर फोटो जारी की हैं। ट्रस्ट के अनुसार छत बनाने का काम जून तक पूरा कर लिया जाएगा। छत में भक्तों को कमल दल और फूलों की नक्काशी के दर्शन होंगे। इसके निर्माण से जुड़े तराशे गए पत्थरों को मंदिर निर्माण स्थल पर जुटा लिया गया है। पूरे छत का निर्माण राजस्थान के सैंड पिंक स्टेन से किया जा रहा है। यह निर्माण पत्थर के खास कारीगरों और मशीनों की सहायता से एलएंडटी के इंजीनियरों की देखरेख में किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट



के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र की माने तो राम मंदिर के भूतल में करीब चार सौ बीम लगाये जाने हैं। इनमें से अब तक 250 से अधिक बीम लगाये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त शेष पर काम चल रहा है। यह कार्य जून में पूरा कर लिया जाएगा।

## गर्मी से लोगों का जीना हुआ दुश्वार : सरकारी हैंडपंप बने शो पीस

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)इस समय गर्मी से आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है।दो दिनों से गर्मी की हालात यहां तक हो गई है कि बच्चे बुजुर्गों को छोड़िये यहां तक नौकरी पेशा व निजी कार्यों पर जाने वाले लोग सुबह ही अपने गंतव्य स्थान को निकल रहे हैं।सुबह नौ बजे से ही गर्मी अपने चरम पर आ जाती है और देखते देखते दोपहर तक यह हालात हो जाती है कि जो लोग इस गर्मी में निकल रहे है वो थोड़ी देर बाद ही कही छांव आदि का सहारा लेते हुए दिखाई देते हुए नजर आ रहे हैं। अगर देखा जाए तो रविवार को दोपहर में तापमान लगभग चालीस से इकतालीस सेंटीग्रेड के बीच तक रहा।गर्मी में जल ही सबके लिए सहारा बना हुआ है।लेकिन इस गर्मी में अधिकतर जगह पर लगे सरकारी हैंडपंप खराब दिखाई दे रहे हैं। जिसके चलते लोगों के लिए यह गंभीर समस्या बनी हुई है। गर्मी इधर पिछले दो दिनों से अधिक पड़ रही है है।इस समय सबसे अधिक परेशानी छोटे–छोटे स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है।क्योंकि इन स्कूली बच्चो का स्कूल उस समय दोपहर में बंद होती है जब गर्मी पूरी प्रचंड अवस्था में रहती है।जिसके चलते ये बच्चे इस गर्मी में स्कूल से अपने घर आते हुए दिखाई देते हैं।



इसके अलावा किसी काम से बुजुर्ग जब अपने घर से बाहर निकल रहे है तो उनको भी इस गर्मी में काफी परेशानी हो रही है।इस गर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अधिकतर लोग शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित गन्ने की रस, शीतल पेय पदार्थों की दुकानों,मौसमी फलों,पराग डेरी सहित अन्य दुकानों व ठेलो पर इकट्ठा होकर इसका सेवन कर गर्मी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।कही कही संबंधित विभाग के कर्मियों की लापरवाही से सरकारी हैंडपंप भी खराब पड़े है।अगर देखा जाए तो सोमवार से कुछ बादल होने की उम्मीद जताई जा रही है। जिसके चलते गर्मी से कुछ निजात मिल सकती है।

# गोसाईगंज बीकापुर मां कामाख्या धाम में किसी भी दल को बोर्ड में नहीं मिला बहुमत

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। नगरीय निकाय चुनाव में मतदाताओं ने फैसला सुनाने के साथ बड़ा संदेश भी दिया है। मतदाता ने महापौर व चेयरमैन पद पर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी दोनों की झोली में बराबर–बराबर जीत डाली है। यह अलग बात है कि उसने भरतकुंड भदरसा नगर पंचायत को छोड़कर कहीं भी किसी दल को निकायों के बोर्ड में बहुमत का आंकड़ा नहीं दिया। यहां तक कि नगर निगम में रिकार्ड मत देकर भाजपा का महापौर तो बना दिया, लेकिन निगम के बोर्ड में बहुमत नहीं दिया। यह अलग बात है कि जहां जिस दल के चेयरमैन को बोर्ड में बहुमत नहीं मिला है वहां जोड़–तोड़ की राजनीति शुरू हो गई है। नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी तीस हजार से अधिक मतों से जीत गए, लेकिन उनकी टीम में पार्टी के 27 पार्षद ही जीत कर शामिल हो सके। 31 सीट प्राप्त करने पर ही उनका बोर्ड में बहुमत पूरा होता। माना जा रहा है कि भाजपा ने निर्दलीयों पर डोरे डालने शुरू कर दिए हैं। नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा से भले ही समाजवादी पार्टी के चेयरमैन हो गए हो, लेकिन यहां बोर्ड में बहुमत भाजपा का है। भाजपा के सदस्य पद के दस प्रत्याशी जीते तो सपा के पांच। दो निर्दल समेत एक सभासद बसपा का भी निर्वाचित हुआ है। नगर पंचायत के मतदाताओं ने सपा और भाजपा दोनों को निराश नहीं किया। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पद पर मोहम्मद राशिद समेत पांच सभासद विजयी हुए तो 18 वार्डों वाले निकाय में भाजपा के दस सभासद जीते। हालांकि इसके बाद भी भाजपा को अध्यक्ष पद पर हार का सामना करना पड़ा। जानकारों का कहना है कि सपा तीन अन्य को भी मिला लेती है तब भी सदन में बहुमत में नहीं आ रही है। यहां से भाजपा के दस, सपा के पांच, एक बहुजन समाज पार्टी और दो निर्दलीय जीते हैं। वहीं नगरीय निकाय चुनाव में शनिवार को आए मतदाता के फैसले के बाद चौंकाने वाला परिदृश्य सामने आया है। बीकापुर, गोसाईगंज, खिरौनी और कुमारगंज नगर पंचायतों में हंग सदन सामने आया है। यहां तो सपा और भाजपा के चेयरमैन बनें लेकिन बोर्ड में बहुमत से सभी दूर हैं। 11 वार्डों वाली नगर पंचायत बीकापुर में भाजपा के चेयरमैन जीते लेकिन बोर्ड में बहुमत नहीं है। यहां सपा के दो, भाजपा के एक और छह निर्दल जीते। एक – एक सभासद भाकपा और बसपा के हैं। इसी तरह 15 वार्डों वाली नवसृजित नगर पंचायत खिरौनी सुच्चितागंज में सपा ने चेयरमैन तो जिता लिया, लेकिन बोर्ड में बहुमत नहीं। हालांकि यहां सपा के छह, भाजपा के चार और पांच निर्दलीय सभासद चुन कर आए हैं। सबसे बुरी स्थिति तो गोसाईगंज नगर पंचायत की है। यहां भाजपा की चेयरमैन बनी, लेकिन पार्टी के सिर्फ चार सभासद जीते। वहीं सपा के पांच और तीन निर्दल जीते। नतीजा हंग सदन बना। नगर पंचायत कुमारगंज में 13 वार्ड हैं लेकिन यहां भी दोनों दल बिना बहुमत के हैं। यहां सपा के चार, भाजपा के दो, कांग्रेस के तीन और चार निर्दल जीत कर आएं हैं।

## वृद्धा आश्रम में समारोहपूर्वक मनाया गया मदर्स–डे कवयित्री उष्मा वर्मा व अंजली सिंह को मातृश्री सम्मान से किया गया सम्मानित

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मातृ दिवस/मदर्स डे के अवसर पर अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिला वृद्धा आश्रम स्थित श्रवणकुंज मन्दिर नयाघाट, अयोध्या में परिचर्चा व सम्मान समारोह आयोजित करके तथा 02 माताओं को मातृश्री सम्मान देकर धूमधाम से आयोजि किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महंत डा. ममता शास्त्री दर्शनभवन जानकीघाट, विशिष्ट अतिथि महंत रामेश्वरी दासी श्रवणकुंज मन्दिर, ने माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेन्द्रा, महामंत्री प्रतीक भज्जा, कोषाध्यक्ष एकता टण्डन, उपाध्यक्ष सचिन सरीन, आरती शुक्ला, नीलम श्रीवास्तव ने अतिथियों का माल्यार्पण व पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा श्रीमती अंजलि सिंह माता ऋषि सिंह विजेता इण्डियन आइडल तथा जिले की जानी–मानी कवियत्री श्रीमती उष्मा वर्मा को मातृश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसका स्वागत व अभिनन्दन सैकड़ों की संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व पुरूषों ने तालियों की गड़–गड़ाहट से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महंत डा. ममता शास्त्री ने कहा कि माँ हमारी पहली आध्यात्मिक गुरू होती हैं जो हमें सही मार्गदर्शन पर ले जाने का मार्ग दिखाती हैं। हम उसे किसी भी कीमत पर नहीं खोना चाहते जगजननी है। विशिष्ट अतिथि महंत रामेश्वरी दासी ने कहा कि माँ का ऑचल अपनी संतान के लिये छोटा नहीं पड़ता। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिये अटूट होता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेन्द्रा ने कहा कि माँ ममता की मूर्ति हैं माँ की ममता अनमोल होती है जिसका कोई मूल्य व तोड़ नहीं है, वह दुनिया की सबसे कीमती व ताकतवर होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती मीनू कपूर पूर्व प्रधानाचार्य आर्य कन्या इण्टर कालेज ने कहा कि माँ का रिश्ता व प्रेम अपने पुत्र के लिये गहरा व अटूट होता है जिसका कर संतान कभी भी नहीं चुका सकता। कार्यक्रम में कवियत्री उष्मा वर्मा, कवियत्री अर्चना द्विवेदी व सुनीता पाठक ने अपनी रचनाओं से उपस्थित लोगों का मन मोहित कर दिया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष एकता टण्डन ने किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से सम्बोधित करने वालों में ट्रस्ट के संरक्षक डा. जावेद अख्तर, संरक्षक प्रीतम सिंह, संरक्षक राम बहल, महिला सेना की अध्यक्ष भारती सिंह, उपाध्यक्ष कवीन्द्र साहनी, उपाध्यक्ष सचिन सरीन, राजेन्द्र सिंह, सचिव मंजूर खान, नीलम श्रीवास्तव, मीना अवस्थी, बबिता यादव, शुचिता भल्ला, आरती शुक्ला, मीना श्रीवास्तव, आकांक्षा सिंह, आशीष कौर, शशि रावत, अमित कुमार, राम सुन्दर आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। आये हुए लोगों का आभार ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सचिन सरीन ने किया।

## डीएम आवास के समीप अवध आर्थो सेन्टर में दबंगो का कहर

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। जिलाधिकारी आवास के समीप सिविल लाइन स्थित अवध आर्थो चिकित्सा केन्द्र के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. अब्दुल सलाम की गैर मौजूदगी में उनके हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर में घुसकर तोड़फोड़ करने एवं विरोध करने पर कर्मचारियों पर प्राण घातक हमला करना तथा मारपीट कर धमकाना तथा 50 हजार का नुकसान करना दबंग हमलावर को महंगा पड़ गया। हलांकि मामले में डॉ. अब्दुल सलाम के तहरीर पर कोतवाली नगर में जगनपुर रौनाही थाना क्षेत्र के निवासी दबंग हमलावर अब्दुल कलाम खान व अज्ञात हमलावरों के विरूद्ध गम्भीर अपराधों में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उत्तर प्रदेश चिकित्सा परिचर्या सेवा कर्मी और संस्था में हिंसा फैलाकर सम्पत्ति को छति पहुँचाने के मामले में विवेचना शुरू हो गई है वहीं स्थानीय पुलिस ने नामजद दबंग आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी का प्रयास भी शुरू कर दिया है। मामला नगर कोतवाली अन्तर्गत सिविल लाइन स्थित अवध आर्थो चिकित्सा केन्द्र का विगत 30 अप्रैल के दोपहर का है। नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमें के मुताबिक 30 अप्रैल 2023 को हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अब्दुल सलाम जब अस्पताल में नहीं थे दिन के सवा 1 बजे जगनपुर रौनाही निवासी गांव अब्दुल कलाम खान आदि अस्पताल में आये और जोर–जोर से चिल्लाते हुए भद्दी–भद्दी गालिया दिया इस दौरान अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों रामप्यारे प्रजापति रोहित कुमार राहुल बाल्मीकी को ऑपरेशन थियेटर में घुसकर बाहर ले आये और गैलरी में बेरहमी से मारा–पीटा और गला दबाते हुए अस्पताल के बाहर वेटिंग हॉल में ले आये और वहाँ भी मारा–पीटा इस दौरान अस्पताल में भगदड़ मच गयी मरीज व उनके तीमारदार तथा अन्य स्टाफ भी डरकर ईधर–उधर भागने लगे। दबंग हमलावरों ने अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ किया और शोर मचाते हुए अस्पताल के स्टाफ अपनी जान बचाते हुए छिप गये। इसके बाद भी हमलावरों का गुस्सा शान्त नहीं हुआ ओटी में भी तोड़–फोड़ किया और कीमती दवाओ तथा सूईयों को भी तोड़कर लगभग 50 हजार रूपये का क्षति पहुँचाया हमलावरों के इस दुस्साहस को देखकर अस्पताल के स्टाफ में दहशत फैल गयी। बताया जाता है कि दबंग हमलावर अपने साथ किसी मरीज को अस्पताल में दिखाने लाये थे इस दौरान डॉ. अब्दुल सलाम संयोग वश बाहर गये थे, बावजूद इसके हमलावर स्टाफ के कर्मचारियों से मरीज का इलाज करने के लिए दबाव बना रहे थे लेकिन कर्मचारियों ने उनसे कहा कि डॉ. साहब कल आयेंगे इसलिए कल आकर अपने मरीज को दिखा देना इससे आक्रोशित हमलावरों ने अस्पताल में मौजूद स्टाफ को ही मारना पीटना शुरू कर दिया।

## अयोध्या महापौर गिरीश त्रिपाठी का लक्ष्मीसागर पर किया गया भव्य स्वागत

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। लक्ष्मीसागर पर चल रही रामकथा के आठवें दिवस पर नवनिर्वाचित महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी जी भगवत कथा में पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया लक्ष्मीसागर संरक्षण सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव एवं संरक्षक डॉ वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी जी ने माल्यार्पण एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया महापौर जी ने व्यासपीठ से आशीर्वाद भी प्राप्त किया महापौर जी ने कहा अयोध्या तो राममय हुई उत्तर प्रदेश राममय हुआ भारत राममय में हुआ अब पूरी दुनिया की संस्कृति को राममय बनाना है आप सब के आशीर्वाद और प्रेम का यह परिणाम है कि मैं महापौर बन सका लक्ष्मीसागर का स्थान मेरा बहुत प्रिय स्थान है और व्यासपीठ के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित की कथा श्रवण




से ही भगवान की प्राप्ति हो सकती है उस दिशा में लक्ष्मीसागर पर चल रही कथा आप सबके जीवन में एक निर्णायक मोड़ लाए व्यासपीठ से यही मेरी प्रार्थना है। नवनिर्वाचित महापौर महंत गिरीश त्रिपाठी जी ने कहा पंकज गुप्ता पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर अंबिका प्रसाद मिश्र पुजारी राम मूरत शुक्ला राजेंद्र जयसवाल ओपी तिवारी अजय श्रीवास्तव तिलक राज तिवारी दिव्य नारायण गुप्ता कार्तिकेय श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। में पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत को देखते हुए प्रतिदिन सघन बैंक चेकिंग की जा रही है। सीसीटीवी कैमरा, इमरजेंसी अलार्म, आग लगने पर बचाव के इंतजाम, बैंक के अन्दर व बाहर लोगों को टप्पेबाजों से सचेत किया जा रहा है ताकि कोई अपराधिक आकस्मिक घटना ना घटे। सतर्क रहें सुरक्षित रहें।

## छेड़खानी व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।पूरा बाजार अयोध्या थाना महाराजगंज अंतर्गत पुलिस चौकी पूरा बाजार की पुलिस टीम ने सरायराशी के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है।थाना अध्यक्ष



महाराजगंज अनुपम मिश्र ने बताया कि पीड़ित लड़की के परिवार वालों ने नामजद तहरीर पर दिया था जिसके आधार पर रमेश कुमार यादव पुत्र बंसराज यादव उर्फ झिन्नू मूलनिवासी माझा पिपरी संग्राम थाना महाराजगंज अयोध्या वर्तमान पता ग्राम पुरे पहलवान बैसिंह थाना पूरा कलंदर निवासी रमेश कुमार यादव के खिलाफ 11 मार्च 2023 को कई धाराओ पास्को एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर तलाश की जा रही थी, चौकी प्रभारी पूरा बाजार रामप्रकाश मिश्रा हेड कांस्टेबल करुनानिधि सिंहन कांस्टेबल मनदीप चौधरी कांस्टेबल अनुपम सिंह गश्त पर थे कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रमेश कुमार यादव पुत्र बंसराज यादव 24 वर्ष को सराय राशी के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## अयोध्या रामलला की अचल मूर्ति का निर्माण अगले सप्ताह से हो सकता है शुरू

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। रामलला की अचल मूर्ति का निर्माण अगले सप्ताह से शुरू हो सकता है। मूर्ति बनाने वाले कारीगरों का 16 अप्रैल से अयोध्या आगमन शुरू हो जाएगा। तय हुआ है कि तीन पत्थरों पर अचल मूर्ति को आकार दिया जाएगा। इनमें से सर्वोत्तम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। राममंदिर में रामलला की दो मूर्तियां विराजित करने की श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की योजना है। अस्थायी राममंदिर में वर्तमान में पूजित–प्रतिष्ठित रामलला स्थायी गर्भगृह में उत्सव मूर्ति के रूप में विराजित किए जाएंगे। जबकि एक अचल मूर्ति का भी निर्माण ट्रस्ट करा रहा है। इसकी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मूर्ति पांच फीट ऊंची होगी। फाउंडेशन के साथ मूर्ति की कुल ऊंचाई करीब आठ फीट हो जाएगी। अचल मूर्ति निर्माण को लेकर देश–विदेश के अच्छे से अच्छे पत्थर मंगाए गए हैं। इनमें नेपाल से आई देवशिला भी शामिल है। अभी इन पत्थरों के परीक्षण का काम चल रहा है। इसी माह के अंत में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक होनी है। बैठक में मूर्ति निर्माण को लेकर मंथन होगा। ट्रस्ट सूत्रों ने बताया कि परीक्षण के बाद यह तय किया गया है कि रामलला की तीन अचल मूर्तियां बनाई जाएंगीं। कर्नाटक, राजस्थान व नेपाल की देवशिला पर मूर्ति को आकार दिया जाएगा। इन तीनों में से जो मूर्ति सर्वोत्तम होगी उसे स्थायी गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठित किया जाएगा। वहीं मूर्ति का निर्माण उड़ीसा, कर्नाटक व राजस्थान के कारीगर अयोध्या में ही करेंगे।

## भाकियू ने मनाया टिकैत की 12वीं पुण्यतिथि

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। किसान मसीहा, भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी की बारहवीं पुण्यतिथि 15 मई को जनपद में कई जगह पर मनाई जाएगी। उक्तजानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि सदर तहसील के सामने तिकोनिया पार्क में सदर व बीकापुर तहसील के भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता/पदाधिकारी व किसान, सोहावल तहसील के अरकुना बाजार में स्थित शिव मंदिर के परिसर में, मिल्कीपुर तहसील परिसर में, रुदौली तहसील परिसर में रुदौली तहसील के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी व किसान चौ. महेंद्र सिंह टिकैत की बारहवीं पुण्यतिथि मनाएंगे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।